21- Dec -JASHPUR-BHOOMI-pg-1_Layout 1 12/21/2023 7:51 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 12.2 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

4 जिला पंचायत सीईओ ने बन्दरचुआ में चल रहे सिकल सेल शिविर का निरीक्षण किया



## खबर संक्षेप

### भागलपुर मंदिर परिसर की हुई सफाई



**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय के भागलपुर बरटोली स्थित बुढ़ा महादेव मंदिर में लगभग दो माह से पेड़ की टूटी हुई डालियां बिखरी हुई थी। टूटी डालियों से मंदिर की पूरी व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई थी। रास्ता बाधित होने से मंदिर के पीछे की बस्ती के रहवासियों को भी आने-जाने में परेशानी हो रही थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बगिया स्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दी। भगवान आशुतोष के भक्तो की भावना और बस्तीवासियों को रही असुविधा को देखते हुए, मुख्यमंत्री निवास ने कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल को धाराशाई हुए विशाल शाखा को हटाने को के लिए कहा। कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका ने मजदूरों के सहयोग से पेड़ की डालियो को हटाने के साथ ही, सफाई भी करा दी है। मंदिर आने वाले श्रद्धांलुओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं नगर पालिका के सीएमओ दीपक एक्का का आभार व्यक्त किया है।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी



**जशपुरनगर।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर जिले के पंजीकृत किसानों से धान खरीदी जारी है। जिले के उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी में वृद्धि हो रही है। लगातार किसान धान बेचने खरीदी केन्द्र में आ रहे हैं। किसानो की सुविधा हेतु छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा जशपुर जिले में 24 समिति के 46 धान उपार्जन केन्द्र संचालित है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज की स्थिति में जशपुर जिले में कुल 375664.00 क्विंटल धान उपार्जित किया गया है। साथ ही कुल 58.76 प्रतिशत धान का उठाव कर लिया गया है।

### पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा 31 तक

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा साग-सब्जी की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाले क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। उद्यान विभाग के सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि मौसम आधारित फसल बीमा योजना के रबी मौसम में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। जिस हेतु जिले के किसानों के फसल बीमा के लिये शासन द्वारा भारतीय कृषि बीमा कंपनी से अनुबंध किया गया है। इन अधिसूचित फसलों पर कृषकों को प्रीमियम राशि ( प्रति हेक्टेयर) देय होगी। इस योजना में पुनर्गठित मौसम रबी वर्ष 2023-24 हेतु अधिसूचित फसल के लिए ऋणी कृषकों को अंतिम तिथि 31 दिसम्बर से पहले निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, प्राथमिक सहकारी समितियां, लोक सेवा केन्द्र, भारत सरकार की बीमा पोर्टल, डाक विभाग के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। इसी तरह अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक जो इस योजना में शामिल होने के इच्छुक हों, वे क्षेत्र बआई पुष्टि प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना में शामिल हो सकते है।

### विभिन्न ग्रामों में आयोजित होगा विशेष शिविर

# पीएम-जनमन योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोग होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जनजातीय गौरव दिवस पर पीएम जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत पीएम जनमन योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत सरकार आदिवासी समूह और जनजातीय तक पहुंचेगी।

अधिकांश लोग अब तक जंगल में रहते हैं ऐसे में इन लोगों के लिए रहने सहने और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के उत्थान के उद्देश्य योजना प्रारंभ की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम जनमन योजना शुरू करने का मुख्य उद्देश्य देश के जनजाति आदिवासी समुदाय के नागरिकों का विकास करना है,ताकि उन्हें बेहतर जीवन मिल सके। इसलिए इस योजना के माध्यम से आदिवासी जनजातियों के परिवार को सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जैसे सड़क, दूर संचार कनेक्टिविटी, बिजली, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा स्वास्थ्य पोषण आदि। पीएम जनजाति योजना के तहत सुविधा- विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह मिशन के तहत लगभग 28 लाख पीव्हीटीजी को दायरे में लाया जाएगा।

■ कराई जाएगी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध

इस मिशन के तहत आदिवासी जनजातियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।

इस मिशन के तहत पीव्हीटीजी क्षेत्र में सड़क और टेलीफोन की सुविधा, बिजली सुविधा, सुरक्षित घर, पीने का साफ पानी, सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रहने सहने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री जनमन योजना पात्रता-देश के मूल निवासी आदिवासी इस योजना का लाभ ले पाएंगे और आदिवासी जनजाति पिछड़े आदिवासी योजना के लिए पात्र होंगे। शासन के निर्देशानुसार पीएम-जनमन योजना के तहत जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को योजना का शत प्रतिशत लाभ देने के उदेश्य से 22 दिसम्बर 2023 से विशेष शिविर का आयोजन पीव्हीटीजी निवासरत क्षेत्र के विकासखण्डों में किया जा रहा है। इनमें बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखण्ड के कुल 94 ग्रामों में शिविर का आयोजना किया जाएगा। जहां विकाखण्ड एवं जिला स्तर के अधिकारी पहुंचकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की पीएम-जनमन योजना के बारे में जानकारी देकर योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही योजना के तहत के आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर सहित विभिन्न क्षेत्र में लाभ देने के लिए सर्वे किया जाएगा।

# धान चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

कृषक के खेत में काटकर रखे धान की चोरी करने वाले 04 आरोपियों को थाना सन्ना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

प्रार्थी जितेन्द्र राम उम्र 28 साल निवासी कन्दराई ने 20 दिसंबर को थाना सन्ना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने खेत में धान की फसल पकने के बाद काटकर खेत में ही छोड़ दिया था। जब धान को उठाने खेत गया तो देखा कि इसके गांव के 1-राजकिशोर राम उम्र 48 साल, 2-सुखदेव राम उम्र 46 साल, 3-विसुन प्रसाद उम्र 42 साल एवं 4-मुसन राम उम्र 27 साल सभी निवासी कन्दराई थाना सन्ना एक साथ मिलकर प्रार्थी के धान को उठा रहे थे। प्रार्थी द्वारा उन्हें मना करने पर वह नहीं माने एवं प्रार्थी को वहां से भगा दिये। बाद में वे चारों मिलकर प्रार्थी के धान को उठाकर ले गए । प्रार्थी की रिपोर्ट पर उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की विवेचना दौरान थाना सन्ना स्टॉफ द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर आरोपियों उनके निवास पर दबिश देकर उन्हें अभिरक्षा में लिया गया, पूछताछ में उनके द्वारा धान की चोरी करना स्वीकार करने पर सभी आरोपियों से 02-02 बोरी को धान जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर उन्हें 21 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक हर्षवर्धन चैरासे, प्रदीप तिर्की, प्रदीप खलखो, शिवशंकर रवि का सराहनीय योगदान रहा।

## पीएम आवास बनने से पहाड़ी कोरवा पुनियारी बाई की दूर हुई समस्याएं



■ पहले बारिश में छतों से टपकता था पानी

**जशपुरनगर।** कुछ साल पहले पहाड़ी कोरवा पुनियारी बाई के पास न कोई घर था और न ही कोई नियमित ठिकाना। किसी तरह से कच्चा मकान बनाकर रह रही पुनियारी बाई ने कभी सोचा ही नहीं था कि एक दिन उनका घर भी पक्का बन जायेगा। पाठ इलाके में रहने वाली पुनियारी बाई प्रधानमंत्री आवास मिलने से खुश है, पहले बारिश के दिनों में झोपड़ी की छत से पानी टपकने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब पक्के आवास में रहने से उनकी कई समस्याएं दूर हो गई है। जशपुर जिले के मनोरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम हर्रापाठ में रहने वाली पहाड़ी कोरवा श्रीमती पुनियारी बाई ने बताया कि वे पहले टूटी-फूटी झोपडी में रहते थे। पति के जीवित रहते पक्का मकान तो उनके लिए एक सपना सा ही था। कही से कोई ऐसी आमदनी ही नहीं थी कि वे अपनी झोपड़ी को पक्का बना सके। उन्होंने बताया कि पति के मौत के पश्चात जीवनयापन बहुत कठिन हो गया है। उनके पांच बच्चे हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने के पश्चात पक्का मकान बन जाने से उनकी घर की समस्या काफी हद तक दूर हो गई है। पहाड़ी कोरवा पुनियारी बाई का कहना है कि पक्के मकान की बार-बार मरम्मत की नौबत नहीं आएगी, बारिश के दिनों में भी छत से पानी गिरने की समस्या दूर हो गई है। बेवा पुनियारी बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना की सराहना करते ⏭शेष पेज 4 पर

## ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की उपचार के दौरान मौत

**सीतापुर।** ओपन परीक्षा का फार्म भरकर वापस लौट रहे नाबालिग छात्रों को तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से तीनों नाबालिग घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। घायलों में से दो किशोरों को प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था जहां एक नाबालिग की उपचार से पहले ही मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया है। वहीं घटना के बाद घर का इकलौता चिराग बुझने से परिजन सदमें में है। बताया जा रहा है कि लंगड़ासांड निवासी 17 वर्षीय सुशांत मिंज आ. अमीन मिंज अपने साथी मुलाजिम पारा निवासी 17 वर्षीय आनंद पैकरा आ. लक्ष्मण पैकरा व उरांवपारा निवासी 17 वर्षीय सचिन लकड़ा आ. हिर्मोन लकड़ा के साथ कक्षा 10 के लिए ओपन परीक्षा का फार्म भरने के लिए केटीएम बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवाई 5048 से सीतापुर आए हुए थे।

## समुदाय स्तर के हितग्राही ले रहे जल का प्रशिक्षण

# जल जीवन मिशन : चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन आज

**जशपुरनगर।** जल जीवन मिशन, छत्तीसगढ़, जल शक्ति मंत्रालय, पेय जल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ सरकार के तहत भारत सरकार से चयनित मुख्य संसाधन केन्द्र एक्शन फॉर कम्युनिटी एम्पावरमेंट द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड जशपुर के समन्वय में 19 से 22 दिसम्बर तक समुदाय स्तरीय हितग्राहियों का 4 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण होटल निरवाना में प्रारंभ किया गया था। प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया जाएगा।

कार्यक्रम में मनोरा विकासखण्ड के सरपंच, उप सरपंच, वार्ड पंच एवं पानी समिति के सदस्य को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः आवासीय है। सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण स्थल में रहकर जल जीवन मिशन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी हासिल कर रहे हैं। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यपालन अभियंता ने कहा कि जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत पुरे जिले के ग्रामीणों के घरों में नल जल योजना से कियाशील नल उपलब्ध कराने का कार्य जशपुर जिले के सभी ग्रामों में किया जा रहा है, हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंण्ड के द्वारा समय-सीमा के अन्दर समपन्न करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी ग्रामीणों का क्षमता वर्धन इस विषय पर किया जा रहा है। जिससे निश्चित ही जल जीवन मिशन योजना का सफल संचालन एवं रख-रखाव में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि आप सभी जल जीवन मिशन के मुख्य अंग है एवं आपकी सहभागिता से गांव में जागरूकता पैदा होगी। जिससे नल जल योजना का सफल संचालन किया जा सके। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से 4 दिवसीय प्रशिक्षण में सजकता पूर्वक भाग लेने की बात कही। जिससे वे ज्यादा से ज्यादा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को लाभान्वित कर सके। उन्होंने कहा कि हर घर जल का सफल संचालन एवं रख-रखाव करने के लिए ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को आप सब सशक्त करेगें।



प्रशिक्षण प्राप्त करते हितग्राही।

# पुण्यतिथि पर नागरिकों ने शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव को दी श्रद्धांजलि



शत्रुजंय प्रताप सिंह जूदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते नागरिकगण।

**जशपुरनगर।** नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष और राजपरिवार के सदस्य शत्रुजंय प्रताप सिंह जूदेव की 11 वीं पुण्य तिथि पर शहरवासियों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहर के बीएसएनएल आफिस के पास स्थित मैदान में श्रद्धांजलि सभा और भंडारा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में भारी संख्या में शहरवासी, अपने प्रिय नेता को श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे थे। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नगरपालिका जशपुर के उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि शत्रुजंय प्रताप सिंह जूदेव, जशपुर जिले के युवाओं के धड़कन थे। उन्होंनें अपने जीवनकाल में नगरपालिका उपाध्यक्ष रहते हुए, शहर के विकास में अहम योगदान दिया। भाजयुमो के नेता नीतिन राय ने कहा कि शत्रुजंय प्रताप सिंह जूदेव की मिलनसारिता और मृदु व्यवहार, आज भी लोगों की स्मृति पटल में ताजा है। उन्होंनें कहा कि सुच्चा बाबा,सदैव हम सबके हृद्य में धड़कते रहेगें। पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित भंडारा में शहर सहित आसपास के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल राय, विनोद मिश्रा, ललित सिंह, संजय सिंह, आकाश गुप्ता, राजेश सिन्हा, विदेश मिश्रा, विजय गुप्ता, पार्षद हिमांशु वर्मा, भाजपा के मिडिया प्रभारी फैजान खान, राहुल गुप्ता, रविन्द्र पाठक, सुनिल अग्रवाल सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोक कलाकारों की प्रतिभा पहचान के लिए प्रविष्टिया 28 तक

**जशपुरनगर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ब्लॉक- डी, भूतल इन्द्रावती द्वारा गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव योजना नियम वर्ष 2005 अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के लोगो की पारंपरिक लोक कला यथा लोकगीत, लोकगायन, लोकनृत्य, पंथी नृत्य,पंडवानी, भरथरी व परंपरागत लोक वाद्य आदि में लोक कलाकारों के प्रतिभा की पहचान करना है। इच्छुक प्रतिभागी 28 दिसंबर 2023 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर में अपना प्रविष्टियां जमा करा सकते हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता विकास खण्ड पत्थलगांव में 07 जनवरी 2024 को दोपहर 2.00 से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले चयनित लोगों को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने भेजा जाएगा।

# ग्राम पंचायतों में शिविर का हो रहा का आयोजन

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जशपुरनगर।** प्रदेश सहित जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। इसी कड़ी में गुरूवार को स्थानीय विकासखंड सहित जिले के सभी विकास खंडों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जशपुर विकासखंड के ग्राम गम्हरिया, गिरांग, पत्थलगांव के पालीडीह, पतरापली, बगीचा के ग्राम खखरा, कवई और कुनकुरी के ग्राम कमतरा, केराडीह सहित अन्य ग्राम पंचायत शामिल हैं।

ग्राम पालीडीह में आयोजित शिविर का विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने अवलोकन किया। इस दौरान सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी से जानकारी ली और शेष बचे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं सभी लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग करने हेतु निर्देशित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों को आपसे में जोड़ने और उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवश्यक ज्ञान से लैस करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैं। यात्रा वैन के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए बनाई गई इन योजनाओं के बारे में लोगों जागरूक किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लाकर और व्यापक जानकारी देने हेतु काम आ रहा तथा लोगों के सशक्तीकरण और उत्थान के लिए एक मंच तैयार किया है। जिले में यह परिवर्तनकारी यात्रा एक बेहतर और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए प्रभावी शासन, सामुदायिक जुड़ाव और सामूहिक दृढ़ संकल्प का एक अनुकरणीय मॉडल बन रहा हैं। यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं।



## नशा से दूर रहने की बात करने वाले महान संत थे गुरुघासीदास

# गुरुघासीदास जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**पत्थलगांव।** गुरुघासीदास बाबा की जयंती में धूमधाम से निकाली गई भब्य शोभायात्रा हजारों की संख्या में लोग हुए शामिल आधुनिक भारत के नैतिक ,सामाजिक, धार्मिक तथा आध्यात्मिक जागरण के एक महान शिल्पीकार थे गुरु घांसी दास भगवान बुद्ध की परंपरा के महान संत ,बुद्ध की तरह ही मानव की समानता ,नैतिक मूल्यों के समर्थक ,सामाजिक समानता ,व्यक्ति की गरिमा के हिमायती एव उनकी ही तरह धार्मिक आडंबरों ,हिंसा,चोरी ,नशा से दूर रहने की बात करने वाले महान संत गुरु घासी दास जी जयंती पर समस्त मानव प्राणियों को सिख लेने की आवश्यकता है।

पूरे देश प्रदेश में गुरु घासीदास बाबा की जयंती जोर शोर से मनाई जा रही है। गुरु घासीदास आधुनिक भारत के नैतिक ,सामाजिक, धार्मिक तथा आध्यात्मिक जागरण के एक महान शिल्पीकार थे। आधुनिक युग में घासीदास एक सशक्त ब्यक्तित्व के साथ आध्यात्मिक गुरु थे । वे नवजागरण का संदेश लेकर अवतरित हुए थे। महापुरुषों की जयंती इसलिए मनाई जाती है। जिससे उनके द्वारा दिए गए संदेश हम आने वाले अनेक पीढ़ियों तक पहुंचा सकें। बाबा ने आज से लगभग ढाई सौ बरस पहले इस समाज के दबे कुचले निचले वर्ग का मनोबल बढ़ाने, उनके आत्मसम्मान को जागृत करने, उसमें साहस भरने, संगठित रहने एवम्‌ विभिन्न प्रकार की सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिए थे बाबा ने उस समय की सामाजिक विषमता को देखा जिसमें समाज का एक वर्ग हर स्थान पर भेदभाव का शिकार हो रहा था। और उनके पास उस समय आर्थिक संसाधन भी नहीं थे। सन्तोष टांडे ने कहा हमने दस दिन पहले से ही गुरु घांसी दास जयंती के लिए तैयारी में लगे थे सोमवार को शाम को युवाओ ने बाइक रैली निकाली थी 4 बजे से गुरु घासीदास बाबा की शोभायात्रा अम्बेडकर नगर से निकल कर शहर के तीनों मार्गो में निकाली गई बस स्टैंड में पंथी नृत्य ने सभी का मन मोह लिया लगभग तीन हजार लोगो की भीड़ में गुरु घासीदास की शोभायात्रा देखने लायक थी जो गुरु घासीदास जी का मानना था की हम दूसरों से अपना हक अधिकार मांगने से पहले हमको स्वयं में सुधार करने की जरूरत हैं। क्योंकि उस समय की सामाजिक व्यवस्था के कारण इस वर्ग के लोग स्वयं भी कई प्रकार के दुर्गुणों एवम्‌ सामाजिक बुराइयों से ग्रसित थे। हमे गुरु घासीदास के बताए मार्गो का अनुसरण करना चहिए। अर्जुन रत्नाकर ने कहा बाबा ने समाज के लोगों में व्याप्त सामाजिक बुराई जैसे, नशा-पान ,मांसाहार सेवन, पशु क्रूरता से दूर रहने की बात कही थी। बाबा ने आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा ज्ञान प्राप्त किया और उस ज्ञान को समाज के बीच प्रचारित किया था। पीआर अजय ने कहा कि बाबा का कहना था कि सभी मनुष्य एक समान है।कोई छोटा या बड़ा नहीं है, ⏭शेष पेज 4 पर



## किसानों से सस्ते में धान लेकर समितियों में खपाने का प्रयास कर रहे कोचिए

**अम्बिकापुर।** धान खरीदी के सीजन में बिचौलिए व कोचियों की सक्रियता बढ़ गई है। बिचौलिए लगातार बाहरी व दूसरों का धान समितियों में खपाने का प्रयास कर रहे है। हालांकि अवैध धान की खपत पर लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा भी बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। इस बीच ग्रामीण क्षेत्रों में बिचौलियों का एक और खेल सामने आया है जिसके वे भोले भाले किसानों से धान खरीदकर उन्हें अपने खातों से समितियों में खपाने का प्रयास कर रहे है। ऐसे ही दो मामलों में आज राजस्व विभाग की टीम ने दुकानों में छापामार कार्रवाई कर 1000 बोरी अवैध धान जब्त किया है। फिलहाल प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि प्रदेश के साथ ही जिलों में भी धान खरीदी का कार्य जारी है। वर्तमान में धान खरीदी के कार्य में तेजी आई है और बड़ी संख्या में किसान अपना धान लेकर समितियों में पहुंच रहे है।

## खबर संक्षेप

### सेल्स प्रमोशन एम्प्लाइज यूनियन ने किया प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** केंद्रीय संगठन के आव्हान पर छत्तीसगढ़ सेल्स प्रोमोशन एम्प्लाइज यूनियन के सदस्यों ने अपनी 8 सूत्रीय मांगो के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन उपरांत अपरान्ह 3 बजे यूनियन के सदस्यों ने प्रदर्शन स्थल से रैली निकाल कर विरोध व्यक्त किया। मांगो में दवा एवं स्वास्थ्य उपकरणों की कीमत कम करने, मेडिकल रिप्रेजेन्टिव के कानूनी अधिकारों की रक्षाक करने एवं दवा एवं स्वास्थ्य उपकरणों पर जीएसटी समाप्त करने की मांग प्रमुख है।

### विभिन्न मुद्दों को लेकर पालकों की बैठक

**खड़गवां।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला लकरापारा खड़गवां में बुधवार को छात्र उपस्थिति के संबंध में छमाही परीक्षा परिणाम विकसित भारत संकल्प यात्रा, स्वक्षता व गुणवक्ता पूर्ण मध्यान्ह भोजन, आगामी 26 जनवरी 2024 की तैयारी के लिए 20 दिसंबर को शाला प्रबंधन समिति व पालकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें 121 पालक उपस्थित हुए।

### एनपीएस या ओपीएस विकल्प फार्म पोर्टल में अपलोड करने निर्देश जारी

**अम्बिकापुर।** जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि ऐसे प्रकरण जिनमें ओपीएस या एनपीएस चयन हेतु निर्धारित समय सीमा में विकल्प प्रस्तुत कर दिया गया है, किन्तु कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड नहीं किया गया है, एवं ऐसे प्रकरण जिसमें एन.पी.एस.शासकीय सेवक जो विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 8 मई तक सेवानिवृत्त या मृत हो चुके है एवं जो विकल्प प्रस्तुत नहीं कर सके है। उक्त समस्त प्रकरणों में ओपीएस विकल्प स्वीकार कर अपलोड करने हेतु जिला कोषालय अधिकारी को अधिकृत किया गया है। इस संबंध में कार्यवाही किए जाने की मार्गदर्शिका पोर्टल में उपलब्ध है एवं अन्य किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कोषालय से संपर्क कर सकते है।

### मंदिर के समीप से मीट, मछली व ठेला को हटाने की मांग

**उदयपुर।** एनएच 130 स्थित शिव मंदिर प्रांगण के आसपास संचालित मीट, मछली व ठेला को हटाने की मांग को लेकर मंदिर समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि एनएच 130 स्थित शिव मंदिर के आसपास मीट, मछली के दुकान व ठेला संचालित है। ऐसे में मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं पास ही स्कूल है जहां से बड़ी संख्या में विद्यार्थी उसी मार्ग से आवागमन करते है। सड़क किनारे मीट, मछली की दुकान व ठेला होने के कारण हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

### पुलिस ने दो लोगों से जब्त किया 16 लीटर शराब

**अम्बिकापुर।** बीती रात क्षेत्र में गश्त कर रहे गांधीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाने के पीछे स्थित बस्ती निवासी सोनवानी पति अमृत सोनवानी (35 वर्ष) बड़ी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रही है। सूचना पर पुलिस ने महिला के घर दबिश देकर उसके पास से 9 लीटर महुआ शराब जब्त किया। इसी प्रकार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सत्तीपारा निवासी जयवेन्द्र पावले आ. शैलेन्द्र पावले (23 वर्ष) के मनेन्द्रगढ़ रोड राइस मिल के समीप गुमटी में दबिश देकर उसके पास से 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया।

---

विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूहों को मिलेगा केंद्र सरकार के योजनाओं का लाभ

# जंगल पहाड़ों पर निवासरत पहाड़ी कोरवा समुदाय के घर होंगे बिजली से रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अब जंगल एवं पहाड़ों पर निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो समुदाय की बसाहटें भी बिजली से रोशन होंगी। वर्षों से कछुआ गति से चल रही यह योजना प्रदेश की सत्ता बदलने के बाद रफ्तार पकड़ ली है। विद्युत वितरण कंपनी केंद्र सरकार की विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बस्तियों को रोशन करने टीवीसीजी के तहत तेजी से सर्वे करा रही है।

**खास बात**
- विद्युत वितरण कंपनी करा रही विरल बसाहटों का सर्वेक्षण

राज्य सरकार द्वारा पूर्व में लम्बी मशक्कत के बाद दूरस्थ क्षेत्र की बसाहटों में विद्युत विस्तार कर गांव-गांव में बिजली उपलब्ध कराई गई थी। इस दौरान विशेष रूप से पिछड़ी पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति समुदाय की बस्तियों में भी विद्युत विस्तार कर एकल बत्ती की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों एवं जंगल पहाड़ों पर विरल बसाहट में निवासरत समुदाय के लोगों के घरों तक अभी भी बिजली की सुविधा उपलब्ध नही हैं। केंद्र सरकार ने वर्षों पूर्व विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों के घरों को रोशन करने टीवीसीजी योजना शुरू की थी। जिले के विभिन्न विकासखण्डों में जंगल एवं पहाड़ के बीच विरल बसाहटों में निवासरत समुदाय का सर्वेक्षण नहीं होने के कारण योजना का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा था। प्रदेश की सत्ता बदलने के साथ ही विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के घरों के सर्वे कराने का कार्य जोर पकड़ लिया है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नई सरकार का गठन होने के उपरांत ऐसी बसाहटों का सर्वे तेजी से कराया जा रहा है। सर्वे पूरा होने के बाद विभाग इन विरल बसाहटों में विद्युत विस्तार करने का प्रस्ताव शासन को भेजने के साथ ही निकट भविष्य में विद्युत विस्तार का कार्य भी प्रारंभ करेगी। योजना को लेकर शासन काफी गंभीर है तथा अधिकारी लगातार योजना के प्रगति की रिपोर्ट ले रहे हैं। नए साल में ऐसी बसाहटों में विद्युत विस्तार का प्रारंभ होने की उम्मीद है। इस योजना के फलीभूत होने पर जंगल पहाड़ों पर निवासरत पिछड़ी जनजाति के लोगों को बड़ी सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।



विरल बसाहटों का सर्वे करते विद्युतकर्मी।

### सरगुजा में समूह की 163 बसाहटें

सरगुजा जिला में पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो समुदाय की 163 बसाहटें हैं जिनमें 110 बसाहटों में निवासरत 3171 लोगों का सर्वे पूरा कर लिया गया है। विभाग के अधिकारी प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर ऐसी विरल बसाहटों की लगातार जानकारी जुटा रहे हैं। गांव-गांव के जनप्रतिनिधियों से संपर्क करने के बाद अधिकारियों ने 15 नई बसाहटों का चिन्हांकन किया है। विभाग ने आदिम जाति कल्याण विभाग से भी पहाड़ी कोरवा व पण्डो समुदाय के विरल बसाहटों की सूची मंगाई है। सूची का मिलान करने के बाद छूटी बसाहटों का भी सर्वे कराया जाएगा, ताकि समुदाय का कोई भी व्यक्ति योजना से वंचित न हो सके।

#### बस्ती में नहीं रहते पहाड़ी कोरवा

पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोग बस्तियों में नहीं रहते हैं। वे पहाड़ों एवं जंगलों के बीच रहते हैं। पहाड़ी पर भी समुदाय के लोगों ने काफी दूरी पर अपनी झोपड़ियां बनाई है। इन बस्तियों में न तो स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था है न ही आवागमन का साधन। रोजी रोजगार के नाम पर अधिकांश लोग जंगल पहाड़ी पर खेती एवं मजदूरी कर अपना गुजर-बसर करते हैं। जंगल के कंद-मूल एवं अन्य वनोपज इनके जीवन का मुख्य सहारा है। पहाड़ो पर विद्युत विस्तार सहित कोई भी निर्माण करना बेहद कठिन होने के कारण इस योजना का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा था लेकिन अब विभाग मजदूरों के माध्यम से पहाड़ी पर विद्युत पोल व तार पहुंचा कर बस्तियों में विद्युत विस्तार करेगा।

#### योजनाओं से जुड़ेंगे समुदाय के लोग

चर्चा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जनवरी को सरगुजा के हितग्राहियों से जुड़कर संवाद करेंगे एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। प्रशासन ने प्रधानमंत्री के संवाद के पूर्व केंद्र सरकार की योजनाओं से सभी हितग्राहियों को जोड़ने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रथम चक्र में ऐसी बसाहटों में निवासरत शत-प्रतिशत लोगों का आधार कार्ड बनाने, जनधन योजना सहित अन्य संबंधित योजनाओं के तहत पंजीयन कराने का निर्णय लिया गया है। दूसरे चक्र में अधोसरंचना विकास, प्रधानमंत्री आवास, आवागमन, सामुदायिक भवन, आंबा भवन निर्माण के कार्य किए जाएंगे।

#### चल रहा सर्वेक्षण

टीवीसीजी योजना के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बसाहटों का सर्वेक्षण तेजी से किया जा रहा है। 163 बसाहटों का सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष बसाहटों का सर्वे 3-4 दिन में पूर्ण कर लिया जाएगा। सर्वे में विद्युत विस्तार के लिए 3171 परिवारों का चिन्हांकन किया गया है।

-रोशन नागवंशी
ईई, विद्युत संभाग ग्रामीण

---

## जिला अस्पताल में ऑपरेशन के लिए राशि वसूलने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जेडी हेल्थ से शिकायत

विशेष पिछड़ी जनजाति समाज कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष उदय पण्डो ने जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर के अस्थिरोग विशेष डॉ. राजेंद्र बसरिया पर दुघर्टना में घायल विशेष पिछड़ी जनजाति पण्डो समुदाय के एक युवक के ऑपरेशन के लिए 12 हजार रूपए की मांग करने एवं रूपए के अभाव में युवक का ऑपरेशन नहीं करने का आरोप लगाया है तथा इसकी शिकायत संयुक्त संचालक स्वास्थ्य से की है।

प्रदेशाध्यक्ष उदय पण्डो ने बताया कि कोरिया जिलांतर्गत ग्राम रावत सरई निवासी पिंकू पण्डो पिता ब्रज कुमार पण्डो 15 दिसम्बर को एक दुघर्टना में घायल हो गया था तथा उसका दाहिना पैर फ्रेक्चर हो गया था। परिजन ने उपचार के लिए उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती किया है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र बनसरिया ने युवक का ऑपरेशन कर रॉड डालने की जरूरत बताई एवं 18 हजार रूपए की मांग की। परिजन द्वारा अपनी गरीबी का हवाला देने पर चिकित्सक ने 12 हजार रूपए की मांग की तथा ऑपरेशन के पूर्व 6 हजार रूप्ए जमा करने एवं शेष राशि ऑपरेशन के बाद देने को कहा। चिकित्सक ने यह भी बताया कि ऑपरेशन के पूर्व एनेस्थिया चिकित्सक को अलग से 3 हजार रूपए भुगतान करना होगा। परिजन द्वारा जैसे –तैसे 5 हजार रूपए की व्यवस्था कर चिकित्सक को दिया तो उसका ऑपरेशन किया गया।



परिजन को मरीज की छुट्टी होने के पूर्व शेष राशि भुगतान करने को कहा गया है। राशि की व्यवस्था करने परिजन धान की खड़ी फसल वाली जमीन को बंधक रखने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने चिकित्सक पर पैसा जमा किए बिना दर्द से कराहते मरीज को ऑपरेशन थिएटर में नहीं ले जाने का भी आरोप लगाया है जबकि इलाज के लिए मरीज के परिजन अपना आयुष्मान कार्ड पहले ही जमा कर चुके हैं।

इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. आरएस सेंगर ने बताया कि शिकायत पर जांच टीम गठित कर दी है। जिला अस्पताल में लम्बे समय से एनेस्थिसिया के चिकित्सक नहीं हैं। ऑपरेशन के लिए फीस का भुगतान कर निजी अस्पताल के एनेस्थिसिया विशेषज्ञ को बुलाया जाता है। जिला अस्पताल में रॉड भी उपलब्ध नहीं है। मरीज की स्वीकृति उपरांत ही रॉड व एनेस्थिसिया चिकित्सक की व्यवस्था की जाती है। संबंधित चिकित्सक से भी इस संबंध में पूछताछ की गई है।

---

### शिविर में जैविक खेती को अपनाने किया गया जागरूक

**सूरजपुर।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के चौथे दिन चयनित क्षेत्र के दो-दो जगह शिविर का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम तिलसिंवा, कृष्णापुर सलका, महेशपुर एवं गोवर्धनपुर में सुबह 10 बजे से और गिरवरगंज, उमेशपुर, सिरसी, ब्रह्मपुर एवं भेड़यि में दोपहर 2 बजे से शिविर रखा गया था। शिविर का उद्देश्य योजनाओं का लाभ लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगो तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना था। सभी शिविर में धरती कहे पुकार थीम पर सुन्दर प्रस्तुति दी गई। धरती कहे पुकार के माध्यम से प्रस्तुति कर्ताओं द्वारा रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को समाप्त कर जैविक खेती की ओर बढ़ने का संदेश देकर जागरूक किया। इस थीम के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों के व्यापक उपयोग की निंदा किया गया। जिसमें बताया गया कि रासायनिक उर्वरक पारिस्थितिक तंत्र पर तबाही मचाई है। उनका प्रदर्शन मानवीय कार्यों और पर्यावरण पर गहरा असर डाल रही है। साथ ही ग्रामीणों ने सुनाई अपनी कहानी अपनी जुबानी, जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनता को विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा उपस्थित लोगों को जैविक खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी मुहैया कराई जा रही है।



## पुलिस ने कार से बरामद किया शराब का जखीरा

- तस्कर 15 पेटी शराब व कार को छोड़ हुए फरार

**सूरजपुर।** नशे के कारोबारियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चंदौरा पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी हाथ लगी जब गश्त के दौरान पुलिस टीम ने शराब से भरे कार को पकड़ा। हालांकि कार सवार अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। पुलिस ने कार से लगभग 1 लाख कीमत से अधिक का 15 पेटी शराब जब्त किया है। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीती रात क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश में गश्त कर रही चंदौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि कार से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब वाड्रफनगर क्षेत्र से अम्बिकापुर की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रतापपुर अरुण नेताम के मार्गदर्शन में ग्राम डोमहत में घेराबंदी कर वाहनों की तलाश शुरू की। इसी बीच चालक समेत सवार कार क्रमांक जेएच 1 ईजे 8750 को छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस टीम ने जब कार की तलाशी ली तो कार में 1 लाख 1 हाजर 90 रूपए कीमत की 15 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया। पुलिस ने शराब सहित कार को जब्त कर अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी नीलिमा तिर्की, एएसआई राम सिंह, प्रधान आरक्षक प्रमोद लकड़ा, आरक्षक मिथलेश गुप्ता, शेखर मानिकपुरी, चंद्रकांत बिजनेर, प्रवीण मिश्रा, रविन्द्र जायसवाल, सूरज पाटिल व अनिरूद्ध पैंकरा सक्रिय रहे।



## बिना ऑनलाइन एप के ही महिला के खाते से पार हुए 72 हजार

- साइबर ठगी की शिकार हुई महिला, थाने में की शिकायत

**सीतापुर।** साइबर अपराधी अब लोगों को यूपीआई के माध्यम से भी ठगी का शिकार बना रहे है। साइबर अपराधियों द्वारा लोगों के खातों से किश्तों में राशि निकाली जा रही है। ऐसा ही एक मामला क्षेत्र में आया है। घटना की शिकार महिला ने पुलिस से शिकायत कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि काराबेल निवासी सुलोचना पैकरा के खाते से 5 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच अलग अलग किस्तों में 72 हजार 660 रुपए गायब हो गए। बड़ी बात यह है कि महिला फोन पे, गूगल पे जैसे ऑनलाइन ट्रांजेक्शन एप का उपयोग भी नहीं करती है इसके बाद भी महिला के खाते से राशि आहरित हो गई है। बताया जा रहा है कि साइबर अपराधियों ने यूपीआई के माध्यम से इस घटना को अंजाम दिया है। धीरे धीरे खाते से राशि गायब होने के कारण महिला को धोखाधड़ी की जानकारी नहीं लग पाई। इस दौरान जब महिला को अपने मोबाइल फोन पर राशि आहरित होने का मैसेज आया तो उसे अपने साथ हुई ठगी की जानकारी हुई। महिला ने संबंधित बैंक से जानकारी मांगी तो पता चला कि उसके खाते से दूसरे लोगों ने राशि आहरित की है। ऐसे में ठगी की शिकार महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



# डीएवी विश्रामपुर में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर






नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को विज्ञान, गणित, सामाजिक अध्ययन, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत , कंप्यूटर साइंस, लाइब्रेरी व संगीत विषय के वर्किंग व स्टैटिक मॉडलों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें विद्यालय के 640 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी लगन व मेहनत से मॉडलों व प्रोजेक्ट को साकार रूप दिया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र अजय तिवारी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। आयोजन में कन्या शाला के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। उक्त प्रदर्शनी में साइंस में 140 मॉडल में ग्रेविटी बैटरी, चंद्रयान -3, वाटर साइकल, लैंड ब्रिज-सी ब्रिज आदि, गणित में 30 मॉडल में स्क्वायर मशीन, रोमन नंबर व्हील, जियो जेब्रा, कॉर्टेसियन-प्लान आदि, सामाजिक अध्ययन में 50 मॉडल में यूनिवर्सल एडल्ट फ्रेंचाइज़, डिफरेंट टाइप्स ऑफ सॉइल, डिफरेंट टाइप्स ऑफ रॉक्स, डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ क्राप्स इन इंडिया इत्यादि, हिंदी में 23 मॉडल में ज्ञान की दुकान, अलंकार वृक्ष, छत्तीसगढ़ की संस्कृति व लोक साहित्य, व्याकरण ज्ञान आदि, अंग्रेजी में 21 मॉडल में पोएटिक डिवाइसेस, पार्ट ऑफ स्पीच, इवोल्यूशन ऑफ अ पेन इत्यादि, संस्कृत में 20 मॉडल में राममंदिर, डीएवी पब्लिक स्कूल मॉडल, शब्दरूप व धातुरूप आदि , कॉमर्स में 6 मॉडल में स्टॉक मार्केट, वेंडिंग मशीन, टाइप्स ऑफ सेक्टर, रूल्स ऑफ डेबिड-क्रेडिट आदि, कंप्यूटर साइंस में 14 मॉडल में सीपीयू कॉम्पोनेंट्स, वर्चुअल रियलिटी, टाइप्स ऑफ सॉफ्टवेयर,सर्च इंजिन, वेब ब्राउज़र आदि ,अटल टिंकरिंग लैब में 9 मॉडल में गेस्चर कंट्रोल कार, राडार सिस्टम, थ्री डी प्रिंटर आदि, संगीत में 23 मॉडल में संगीत चिकित्सा, प्राचीन वाद्य यंत्र, भारत के लोक संगीत आदि, लाइब्रेरी में 14 मॉडल में अबाउट द हॉली बुक्स, मैप कलेक्शन, भारत के महान साहित्यकार आदि 350 वर्किंग एवं स्टैटिक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया।यह प्रदर्शनी सभी आगंतुकों के लिए ज्ञानवर्धक एवं आकर्षण का केंद्र रही। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर व राजकुमार स्कूल विश्रामपुर के विद्यार्थियों व अभिभावकों एवं अतिथियों ने प्रदर्शनी को देखा और बच्चों के प्रयास एवं क्रियात्मकता की खूब सराहना की। उक्त प्रदर्शनी में अध्यापक गणेश कश्यप, शंकर शाह एवं अध्यापिकाएं श्रीमती सत्या जायसवाल, नीतू शर्मा व वर्षा सोनी बतौर निर्णायक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय तिवारी महाप्रबंधक विश्रामपुर क्षेत्र ने विद्यार्थियों के प्रयास एवं सर्जनात्मक प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों के सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं की। विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक ने विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं कलात्मक प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## प्रभार ग्रहण करने के उपरांत बीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**लखनपुर/रजपुरीकला ।** सत्ता परिवर्तन होने के साथ ही जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी एक्शन मोड़ में आ गए हैं तथा लगातार छात्रावास, स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद प्रभार ग्रहण करने के उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय ने विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक और माध्यामिक शाला अमेरा, प्राथमिक शाला तिंधरीपारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान माध्यामिक शाला अमेरा में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम होने पर उपस्थित बढ़ाने, कक्षाओं में सामग्री को व्यवस्थित रखने, मध्यान्ह भोजन स्वाद पंजी का संधारण करने तथा मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन संचालित करने के निर्देश दिए। प्राथमिक पाठशाला अमेरा एवं प्राथमिक शला तीनधरीपारा में बच्चों का शैक्षणिक स्तर, संतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने शिक्षकों को अच्छे से शैक्षणिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया एवं शिक्षकों को समय पर पाठ्यक्रम की तैयारी कर विद्यालय आने हेतु निर्देशित किया।

## रामपुर और रेवटी मे विकसित भारत संकल्प यात्रा की दिलाई गई शपथ

**प्रतापपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत रामपुर व ग्राम पंचायत रेवटी में पूर्व गृह मंत्री पैकरा के मुख्य अतिथि व जनपद पंचायत के अध्यक्ष जगत लाल आयाम व सभी विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएम दीपिका नेताम ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शपथ दिलाई। उन्होंने ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा राज्यों के साथ भागीदारी से लक्षित एवं पात्र लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रमुख योजनाएं स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन तक पहुंच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाओं का वितरण, आयुष्मान कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा एलपीजी कनेक्शन, जनपद पंचायत द्वारा राशन कार्ड वितरण करने सहित ग्रामीणों को अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं की गोद भराई, छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी किया गया। खाद्य विभाग द्वारा उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर और चूल्हा का भी वितरण किया गया। इस दौरान मुन्ना सिंह, अवधेश गुप्ता, पुरंजय मिश्रा, चंद्रिका प्रसाद यादव, भोला पटेल, ललिता मरावी, सीईओ पारस राम पैकरा, बीईओ मुन्नू धुर्वे, बीपीओ राकेश मोहन मिश्रा, पंचायत निरीक्षक राधेलाल पैकरा, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी प्रेमसाय पैकरा, राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार राधेश्याम तिर्की व अन्य सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़

**सलका अघिना।** केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई है। भैयाथान विकासखंड के ग्राम पंचायत अघिनापुर में अघिनापुर कोटया और सलका पंचायत के लिए शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। शिविर में मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा, जिला पंचायत सीईओ लिना कोसमी शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों के 25 ग्रामीण योजना का लाभ के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जिनको इन योजनाओं का लाभ नहीं मिला है उन्हें चिन्हांकित करके इस योजना का लाभ दिया जाना है। उन्होंने सभी कर्मचारियों अधिकारियों को सक्रिय रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने को कहा। शिविर में पांच महिला हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन, 15 महिलाओं की गोद भराई की गई, साथ ही आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सलका से दो हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड दिया गया वही डिजिटल कारण के लिए दो पटवारी को सम्मान दिया गया। इस दौरान उमेश अग्रवाल, मोक्ष नारायण गुप्ता, गिरीश गुप्ता,जगरेलाल यादव, रमेश गुप्ता, संतलाल प्रजापति, आशीष गुप्ता, दीपेंद्र गुप्ता, प्रभा गुप्ता, एसडीएम सागर सिंह, सीईओ विनय गुप्ता, बीईओ फूल साय मरावी सहित अन्य उपस्थित थे।



## जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्य में भारी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

**खास बात**
- अधिकारियों की उदासीनता रवैया से ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए केन्द्र सरकारी की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी से लेकर पाइप लाइन विस्तार निर्माण कार्य कराए जा रहे है। कई पंचायतों में निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है तो कहीं अब भी निर्माणाधीन है। इसी तारतम्य में विकासखंड भैयाथान क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य चल रहे है। हैरानी की बात यह है कि निर्माण कार्य में न सिर्फ लापरवाही बरती जा रही है बल्कि गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में क्षेत्र में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। केन्द्र सरकार की योजना के मुताबिक विकासखंड भैयाथान में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण लगभग सभी पंचायतों में कराए जा रहे हैं परंतु निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार द्वारा राशि बचाने के चक्कर में नाबालिकों से काम कराया जा रहा है। ऐसे में निर्माण कार्य में न तो मानक अनुरूप कार्य हो रहे है और न ही कार्य जिस गति से होना चाहिए उस तरह की प्रगति में नहीं है। ठेकेदार द्वारा सुस्त रवैया और धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। विकासखण्ड में बन रहे पानी टंकी निर्माण में विभागीय उदासीनता के कारण ठेकेदार के हौसले बुलंद है। पानी टंकी निर्माण में प्लेटफार्म के ढलाई से लेकर पूरे टंकी निर्माण में ठेकेदार द्वारा इस योजना को मिट्टी पलित करने में लग गए हैं। ऐसे में सरकार के मंशा अनुरूप कार्य कैसे होगा इस पर भी सवाल उठने लगे है। ग्राम पंचायतों में पानी टंकी से लेकर पाइप लाइन विस्तार शुरू होने पर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिलने की आस जगी थी परंतु जिस तरह से निर्माण कार्य कराए जा रहे है उससे अब ग्रामीणों की आस निराशा में बदल गई है।



#### की जाएगी कार्रवाई

ठेकेदार को सड़क ठीक करने को कहा गया था अभी तक ठीक नही हुआ है तो मैं तत्काल दिखवाता हूं। नाबालिग से मजदूरी कार्य कराना गलत है अगर ऐसा पाया जाएगा तो ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-एसबी सिंह
मुख्य कार्यपालन अभियंता

## खबर संक्षेप

### रामनगर में श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा 24 से



**कोरबा।** रामनगर एकता चौक में 24 से 31 दिसंबर तक श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा का अयोजन किया जा रहा है। 24 दिसंबर को कथावाचक पं. श्री नरेश दुबे जी महाराज करनौद वाले द्वारा संगीतमय भागवत कथा के साथ कलश शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। कथा आयोजन बीपी तम्बोली रामनगर द्वारा किया जा रहा है। आयोजनकर्ता ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पूण्य का भागीदारी बनें।

### बुधराम का बन रहा पक्का मकान, अब नहीं होगा परेशान



**कोरबा।** मजदूरी का काम करने वाले बुधराम अघरिया का सपना था कि उसका भी कोई पक्का मकान हो, ताकि बारिश के दिनों में उनके परिवार को परेशान न होना पड़े। मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन करने वाले बुधराम को जब जानकारी मिली कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत उनका नाम भी आवास के लिए चयनित किया गया है तो उन्हें बहुत खुशी हुई। अब खाते में राशि मिलने के पश्चात बुधराम अपने पक्का मकान का सपना पूरा कर रहा है। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड ग्राम मोरगा के जूनापरा में रहने वाले बुधराम अघरिया ने बताया कि गरीबी की वजह से पक्का मकान का सपना उसके लिए एक सपना था। बुधराम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राही के रूप में उनका नाम आने के पश्चात उसे आवास निर्माण के लिए राशि प्राप्त हुई। राशि मिलने के पश्चात वह अपना मकान बना रहा है। कुछ दिनों के भीतर घर पूरी तरह से बन जाएगा और वे अपने परिवार के साथ पक्के मकान में शिफ्ट हो जाएंगे। बुधराम ने बताया कि वे वर्तमान में कच्चे मकान में निवास करते हैं। मकान कच्चा होने की वजह से बारिश में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खपरे से भी पानी नीचे टपकने से बिस्तर भीग जाते थे।

### पीजी कॉलेज में निबंध लेखन भाषण प्रतियोगिता



**कोरबा।** शाससकीय इंवि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को विकसित भारत 2047 के तहत शपथ पत्र, ऑनलाइन सुझाव प्रेषण, नारा लेखन, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेणु बाला शर्मा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में विकसित भारत 2047 से संबंधित शपत्र पत्र का वाचन विभाग एवं कक्षा अनुसार किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत संकल्प यात्रा आशा का एक जीवंत कारवां है यह सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करती है। शपथ पत्र का वाचन आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ.संदीप शुक्ला के नेतृत्व में तथा निबंध एवं भाषण डॉ.बीएल साय के दिशा निर्देश में किया गया। विकसित भारत अभियान का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों ने देखा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम ए प्रथम की लोमश कश्यप, द्वितीय स्थान बी ए प्रथम वर्ष की रेणुका धीवर, तृतीय स्थान एमएससी प्रथम सेम की विनय सोनी ने प्राप्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ डी दुबे, श्रीमति अमोला कोर्राम, कन्हैया सिंह कँवर, दीपक टेकाम, सुशील अग्रवाल, अजय पटेल, श्रीमती मधु कँवर, केआर टंडन, एनएसएस के स्वयंसेवक निखिल साहू, हुमांशु साहू, लोमेश कश्यप, विनय सोनी, सुषमा बंजारे, साहिन बानो तथा छात्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिली योजनाओं की जानकारी

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को विकासखंड कोरबा के ग्राम रजगामार, कोरकोमा, विकासखंड कटघोरा के ग्राम जेंजरा और हुंकरा, पोडी उपरोडा के पाथा, ऐतमानगर, करतला विकासखंड ग्राम चोरभट्ठी, मदवानी, विकासखंड पाली के ग्राम पटपरा और नवापारा में शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत दादर चौक वार्ड क्रमांक 31 उपस्वास्थ्य केंद्र के पास, वार्ड क्रमांक 40 में शिविर लगाया गया। शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई।

### कार्यकर्ता व सहायिकाओं को दिया जाता था संचालन का प्रशिक्षण

# जिले में आंगनबाड़ी प्रशिक्षण केंद्र हुआ बंद, प्रशिक्षण के लिए राजधानी की दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को दिए जाने वाला प्रशिक्षण कार्यक्रम बंद हो गया है। अब प्रशिक्षण के लिए राजधानी मुख्यालय जाने की मजबूरी हो गई है। पूर्व में प्रशिक्षण केंद्र जिला मुख्यालय में संचालित होते थे। जहां पड़ोसी जिले के भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका प्रशिक्षण लेने पहुंचते थे। अब कार्यकर्ताओं को योजना संबंधी प्रशिक्षण मिलना ही बंद हो गया है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों और महिलाओं को किस तरह के पोषण आहार देना है उनके वजन और टीकाकरण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम के संचालन को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला करता था। जिसके लिए प्रशिक्षण केंद्र भी बनाया गया था। जहां कोरबा ही नहीं बल्कि रायगढ़ जिले के कार्यकर्ता प्रशिक्षण लेने कोरबा आते थे। जिनके रहने और खाने की व्यवस्था कोरबा में ही किया जाता था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले की 2650 केंद्रों के कार्यकर्ताओं को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाता था ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन बेहतर ढंग से कर सके एवं बच्चों के पौष्टिक आहार का वितरण भी नियम से हो सके। इसके साथ ही राज्य शासन से मिलने वाले सर्वे का प्रपत्र का संसाधरण करने का प्रशिक्षण भी दिया जाता था। पिछले दो साल से प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और प्रशिक्षण केंद्र भी बंद हो गए हैं। अब किसी तरह का प्रशिक्षण लेने के लिए राजधानी मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती है। अब ऐसे प्रशिक्षण जिला स्तर में भी नहीं हो रहे हैं न ही कोई दिशा निर्देश महिला विकास विभाग शासन स्तर से मिले हैं।



फाइल फोटो

#### मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जाता था प्रशिक्षण

प्रशिक्षण केंद्र में स्वयं सेवी संस्थाओं के मास्टर ट्रेनर के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाता था। जिन्हें स्वयं राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया जाता था ऐसे मास्टर ट्रेनर जिला मुख्यालय के प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण देने पहुंचते थे। स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा ही प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन होता था। साथ ही साथ मास्टर ट्रेनर आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर कार्यकर्ता व सहायिकाओं को यूनिसेफ द्वारा जारी की गई गाईडलाइन के तहत प्रशिक्षण के बारिकियों से अवगत कराया जाता था।

#### कई आंगनबाड़ी केंद्रों में पद रिक्त

कई आंगनबाड़ी केंद्र जिले में ऐसे हैं जहां कार्यकर्ता के पद रिक्त हैं या फिर सहायिका के पद रिक्त हैं। जहां कार्यकर्ता नहीं है वहां सहायिका के भरोसे ही केंद्रों का संचालन होता है। कुछ केंद्र ऐसे हैं जो भवनविहिन है। कुछ की हालत भौतिक रुप से जर्जर बनी हुई है। जिनके मरम्मत के प्रस्ताव भी विभाग शासन स्तर पर भेजा है, जिसपर शासन की ओर से स्वीकृति नहीं मिली है। यही कारण है कि फंड की कमी की वजह से केंद्र की मरम्मत नहीं हो पा रही है।

## चार ट्रैक्टर जब्त, अवैध उत्खनन परिवहन पर की गई कार्रवाई


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के लगभग सभी रेत घाट बंद पड़े हुए हैं। ऐसे में रेत तस्कर खदानों में घुसकर बड़े पैमाने पर रेत की चोरी कर रहे हैं, जिससे शासन को भारी नुकसान हो रहा है। रेत चोरों के खिलाफ एक्शन मोड में आ गई। है।

बुधवार को खनिज विभाग की टीम ने अलग अलग क्षेत्रों में कार्यवाही कर रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करते हुए चार ट्रेक्टर को जब्त किया है। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा खनिज विभाग को जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने के कड़े निर्देश लगातार दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन में संलग्न चार ट्रैक्टरों पर कार्यवाही की गई है। खनिज अधिकारी प्रमोद नायक ने बताया कि रात्रि में कार्यवाही के पश्चात जब्त ट्रैक्टर सीजी 12 यू 0359 सलिहाभाठा, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) प्रगति नगर एनटीपीसी, ट्रैक्टर जॉनडियर (बिना नंबर) कुदरमाल, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) कुदुरमाल को थाने में रखा गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए खनिज अधिकारी प्रमोद नायक के मोबाइल नंबर 7587350731 में संपर्क किया जा सकता है।

# मजदूरी भुगतान के प्रकरण ही जाते हैं लोकपाल के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा के मजदूरी भुगतान के प्रकरणों के निराकरण हेतु गठित किए गए लोकपाल के पास सामान्य शिकायतें दायरे में नहीं आती और इधर मजदूरी भुगतान भी सीधे ऑनलाइन होने से अब ऐसी शिकायतों का दौर भी खत्म हो चला है। ऑफलाइन के समय फर्जी मजदूरी भुगतान के प्रकरण जनदर्शन में बढ़चढ़कर आते थे जिन्हें लोकपाल को भेजा जाता था। अब जनदर्शन में भी ऐसी शिकायतें नाम मात्र ही रह गई है।

ग्रामीण अंचलों में रोजगार देनी वाली केंद्र सरकार की महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के मजदूरी भुगतान के प्रकरणों का निराकरण करने हेतु लोक पाल प्रकोष्ठ बनाया गया था। जहां मजदूरी भुगतान नहीं होने, लंबित रहने या फर्जी मास्टर रोल तैयार कर मजदूरी राशि का गबन करने जैसे प्रकरण लोकपाल के दायरे में आते थे। ऐसे प्रकरणों की सुनवाई कर लोकपाल सीधे कार्यवाही का आवार्ड पारित करता था जिसमें सरपंचों से वसूली को लेकर मजदूरी भुगतान करने के निर्देश भी शामिल रहते थे। ऐसे तमाम तरह के प्रकरणों को लेकर ग्रामीण सीधे कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचा करते थे। जिन्हें जिला पंचायत को प्रेषित कर दिया जाता था। जब से जॉब कार्डधारी मजदूरी की मजदूरी ऑनलाइन हुई है तब से इस तरह के प्रकरण आना बंद हो गया है। मजदूरों के खाते में मजदूरी अब सीधे पहुंच रही है जो कभी मैनुअल भुगतान हुआ करता था। जिसमें मजदूरी राशि गबन को लेकर पहुंचा करती थी। कई मामलों में कार्यवाही संबंधित लोगों के खिलाफ हुई है। ऑफ लाइन मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी होने के मामले में लोकपाल के पास पहुंचा करता था जहां सुनवाई पश्चात अवार्ड पारित किया जाता था और इस पर कार्यवाही होती थी। अब ऐसे मामले कम आ रहे हैं।

#### खास बातें

- सामान्य शिकायतें दायरे में नहीं आती
- मजदूरी भुगतान आनलाइन होने से शिकायतें भी कम

#### जानकारी के अभाव

जिला पंचायत में मनरेगा में लोकपाल की नियुक्ति होना महत्वपूर्ण कदम है लेकिन इसके संबंध में ग्रामीण अंचल के लोगों को लोकपाल के विषय में ज्यादा जानकारी नहीं रहती। मजदूरी संबंधी जो भी शिकायतें मजदूरों को रहती है उन शिकायतों को लेकर ग्रामीण मजदूर सीधे कलेक्टर के पास पहुंचते हैं जबकि मजदूरी संबंधी शिकायतों का निराकरण लोकपाल के दायरे में आता है और ऐसी शिकायते को लेकर ग्रामीण लोकपाल के पास नहीं पहुंचते क्योंकि उन्हें इसके संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं रहती। वह या तो जिला पंचायत सीईओ या मनरेगा के एपीओ तक ही पहुंचते हैं ऐसे कई रिकव्हरी के प्रकरण मनरेगा प्रकोष्ठ में लंबित हैं। रोजगार सहायकों से निर्माण कार्यों की राशि वसूली किया जाना है। पूर्व में जिला पंचायत के द्वारा रोजगार सहायकों से वसूली की नोटिस भी जारी की गई थी किंतु उसके बाद भी ऐसे प्रकरण लोकपाल तक नहीं पहुंचना कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही को इंगित करता है।

# सरायपाली बुड़बुड़ परियोजना में भूविस्थापतों ने ठप्प किया कोयला उत्पादन व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली क्षेत्र में संचालित एसईसीएल की सरायपाली बुड़बुड़ परियोजना खदान में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के समर्थन से ग्राम पंचायत बुड़बुड़ ग्रामवासियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया गया है। यहां सुबह 6 बजे से भूविस्थापित खदान में एकत्र हुए और कामकाज को प्रभावित करते हुए उत्पादन ठप्प कर दिया है। भूविस्थापित लोगों की मांग है कि पुनर्वास नीति का उन्हें लाभ दिया जाए। पुनर्वास के बदले दी जाने वाली राशि के संबंध में इसे अपर्याप्त बताते हुए दूसरी परियोजनाओं की तरह 15 लाख रुपए प्रत्येक विस्थापित को दिए जाने की मांग की जा रही है। यदि 15 लाख रुपए नहीं दिया जा रहा है तो इन्हें जो 13 किलोमीटर दूर लाफा में बसाया जाना है उसे पाली के नजदीक 3 किलोमीटर के दायरे में बसाहट प्रदान किया जाना चाहिए।

खदान में सुबह 6 बजे से जारी गतिरोध को दूर करने के लिए महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के साथ-साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। उनके द्वारा दो दौर की वार्ता ऊर्जाधानी संगठन सपुरन कुलदीप व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी ग्रामवासियों के साथ की जा चुकी है किंतु दोनों ही दौर में वार्ता असफल रही है भूविस्थापितों ने कहा है कि उनकी मांग पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिए जाने के कारण आंदोलन जारी रहेगा। बता दें कि ग्राम बुडबुड़ (सराईपाली परियोजना) में एस.ई.सी.एल. द्वारा भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है जिसमें बसाहट एवं पुनर्वास दिया जाना है। चूंकि कोरबा जिला के अन्य खदानों में पुर्नवास के बदले दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 10 लाख रूपये तक किया गया है किन्तु ग्राम बुडबुड में यही राशि 3 लाख रूपये है जो सौतेला व्यवहार है एवं न्याय संगत नहीं है। इस विषय पर अनेकों बार पत्र व्यवहार किया गया है किन्तु आश्वासन ही दिया गया है। चूंकि प्रबन्धन के द्वारा ही आश्वासन दिया गया था कि जो व्यक्ति 2014 में 18 वर्ष पूर्ण करता है उसे भी पुर्नवास हेतु पात्र माना जाएगा किन्तु यह भी केवल झूठा आश्वासन निकला जिसके कारण समस्त ग्रामवासी आक्रोशित हैं एवं अनिश्चितकालीन खदानबंदी हेतु मजबूर हैं। इस कड़ी में 20 दिसम्बर से सराईपाली परियोजना में ब्लास्टिंग, उत्खनन, उत्पादन व डिस्पेच अनिश्चितकालीन पूर्ण रूप से बंद शुरू कर दिया गया है। आंदोलन में तीरथ केशव, आशु लाल, चंदन सिंह बंजारा, शत्रुहन कर्पी, किर्ती सिंह बिंझवार, अमृत लाल नायक, जनक निषाद, राधे नायक, रामचरण यादव, अमर लाल, नरेंद्र ठाकुर, मनहरण लाल, राजग्वाल यादव, उर्मिला नायक, हरेली बाई, सोनकुंवर, भागमती बाई, सरस्वती यादव, चंद्रपाल विनायक, अनोज पालके, ऊर्जाधानी संगठन से टीपक यादव ललित महिलांगे अनसुईया राठौर सतीश चंद्रा, गोंगपा से विमल कुमार मरावी संभागीय अध्यक्ष,जगत कुमार नेताम जिलाध्यक्ष, प्रकाश कोर्राम जिला उपाध्यक्ष,दीपक श्याम, निलेश श्याम,जयप्रकाश मरावी,विजय ओरखे, गणेश उईके,चन्द्रपाल मरावी,रवि जगत,प्रमाद कुसरो, रामभजन जगत संदीप कंवर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

#### खास बात

- पुनर्वास नीति का सही लाभ दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन


प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

# जिले में 25 हजार से अधिक किसानों में बंटेगी 77 लाख रुपए से अधिक की बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में नवगठित भाजपा सरकार द्वारा अपने पिछले कार्यकाल के दो वर्ष के बोनस की घोषणा पर अमल शुरु कर दिया है। प्रदेश सरकार की इस घोषणा से जिले के 25 हजार 956 किसानों को 77 लाख 86 हजार 8 सौ रुपए की एक बड़ी बोनस राशि वितरीत की जाएगी। जिसकी तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा कर ली गई है। जिला सहकारी बैंक ने किसानों के बोनस को लेकर विस्तृत जानकारी भी शासन को प्रेषित कर दी है।

25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपई के जयंती अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सुशासन दिवस के रुप में मनाया जाता है। उनके जन्मदिन के अवसर पर भाजपा द्वारा विभिन्न तरह के शासकीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष आसन्न विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में अपने शासित कार्यकाल के पिछले दो वर्ष का बोनस देने की घोषण की थी और इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था। प्रदेश में सत्ता में काबिज होने के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिछले दो वर्ष के बोनस देने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश सरकार की इस घोषणा से जिले के 25 हजार 956 किसान दायरे में आये हैं। जिला सहकारी बैंक के द्वारा जो जानकारी प्रेषित की गई है उसके तहत वर्ष 2014-15 के 13879 एवं 2015-16 के 12077 किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। खाद अधिकारी जेके सिंह ने बताया कि वर्ष 2014-15 में 13879 किसानों से 91714.50 टन धान की खरीदी की गई थी। जिसकी बोनस राशि 2751.435 लाख रुपए होती है। इसी तरह खरीफ वर्ष 2015-16 में कुल 12077 किसानों से 82052.43 टन धान की खरीदी की गई थी जिसकी कुल बोनस राशि 2461.5729 लाख रुपए होती है जिसका भुगतान सीधे उनके खाते में किया जाएगा। बोनस राशि दिये जाने के साथ ही धान बेचने वाले किसानों की संख्या बीते कुछ वर्षों से लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है। वर्ष 2014-15 के बाद से वर्तमान स्थिति तक किसानों की संख्या में दोगुनी वृद्धि हो गई है।

#### खास बातें

- वर्ष 2014-15 के 13879 व वर्ष 2015-16 के 12077 किसान आए दायरे में
- पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर जारी होगी राशि



#### तीन सौ प्रति क्विंटल की दर से मिलेगा बोनस

किसानों को 3 सौ प्रति क्विंटल की दर से बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। इसके लिए जिला एवं ब्लॉक व समिति स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर बोनस राशि वितरीत की जाएगी। कार्यक्रम आयोजित करने हेतु सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी भी कर दिए हैं। 25 दिसंबर को समिति स्तर से लेकर जिला स्तर में वृहद कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियां शुरु कर दी गई है।

## उड़ता में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की भावी युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित एक सक्रिय योजना है। इसके अंतर्गत युवाओं को विशिष्ट शारीरिक, बौध्दिक, सांस्कृतिक, एवं सामाजिक विधाओं में प्रशिक्षण देने हेतु समस्त विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रावधान है। इसी कड़ी में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से संबंध शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की महिला एवं पुरुष इकाई का संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उड़ता, विकासखण्ड पाली में नशामुक्त समाज के लिए युवा की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक प्रेमचंद पटेल के करकमलों द्वारा हुआ। संस्था प्राचार्य डॉ. शिखा शर्मा के संरक्षण व मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अखिलेश पाण्डेय ने रासेयो के समस्त पहलुओं से सभा को अवगत कराते हुए कहा कि स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास हेतु आयोजित हो रहे उक्त शिविर में छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास, साइबर क्राइम, यातायात के नए नियमों की जानकारी, जल संरक्षण, नशा मुक्ति हेतु मुहिम, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पोषण जागरुकता, योग का विशेष प्रशिक्षण, एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु जागरुकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इस दौरान महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू राठौर, रघुराज सिंह, कुमार सिंह कंवर, डॉ. रामकुमार श्रीवास, राजमहल निर्मलकर, पंकज खरे, कन्हैया सिंह कंवर, मास्टर ट्रेनर, रामेश्वर राम आदित्य, नवीन शर्मा, मो. ऐहतेशाम, आशीष अग्रवाल, विपिन शर्मा, शंकर दास महंत, विनोद कुमार पटेल, अमरनाथ पटेल आदि की सराहनीय भूमिका रही।


शिविर में उपस्थित छात्र छात्राएं।

## मायुमं का प्रांतीय पिकनिक एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा करगी रोड कोटा के आतिथ्य में प्रांतीय पिकनिक एवं दीपावली मिलन का आयोजन किया। इस आयोजन में प्रदेश से 500 से अधिक मंच साथी एवं परिवारजन उपस्थित रहे। करगी रोड शाखा के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल एवं सचिव आकाश अग्रवाल ने काफी शानदार व्यवस्था की थी। प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर कोटा की धरती में पिकनिक में हौजी प्रतियोगिता, लाइव बैंड, म्यूजिक, डीजे, बोटिंग, कुर्सी दौड़ सहित अनेक मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ लजीज व्यंजनों ने सभी मंच साथियों का मन मोह लिया। प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि सेवा के साथ साथ मनोरजन होने सेवा कार्यों की क्षमता कई गुना अधिक हो जाती है। इस अवसर पर अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, निवृतमान प्रांतीय अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष प्रशान्त गांधी, राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती रीना केडिया, राष्ट्रीय सहायक मंत्री अंशुल गोयल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना गर्ग, प्रांतीय महामंत्री राज अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक सिंघानिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती आशा अग्रवाल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती राखी अग्रवाल, श्रीमती संगीता मित्तल, मंच की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती मंजुला अग्रवाल एवं मंच के सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अवैध खनिज परिवहन में शामिल 4 वाहन जब्त

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरीहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा भटगांव एवं बिलाईगढ़ क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान भटगाव क्षेत्र में अवैध परिवहन में संलिप्त 03 ट्रैक्टर एवं एक हाइवा अवैध परिवहन करते पाये जाने पर घटना स्थल पर ही सभी 04 वाहनो को जप्त कर आगामी कार्यवाही तक थाना प्रभारी भटगांव के सुपुर्दगी किया गया। खनि अधिकरी एच डी भारद्वाज ने कहा कि यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई है। कलेक्टर के निर्देश पर अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्यवाही आगे भी निरंतर की जाएगी। खनिज जांच टीम में अनुराग नंद और लक्ष्मीनारायण घृतलहरे सम्मिलित थे।

### राष्ट्रगान से शुरू होगा शासकीय कामकाज

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने एक अभिनव पहल की है। अब से कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ में अनुशासन, समय की पाबंदी और अधिकारी कर्मचारियों के बीच टीम स्पिरिट की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से काम काज प्रातः 10 बजे राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ होगा। आज 20 दिसंबर से इसकी शुरुआत हुई। कलेक्टर कार्यालय में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गायन के पश्चात अपने कार्यालयों में काम प्रारंभ किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पांडेय, ज्वाइंट कलेक्टर डीआरत्रे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्राए डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ऋतु हेमनानी सहित अन्य विभागों के अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शीतकालीन अवकाश 25 से 30 दिसंबर तक

**रायगढ़।** छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के दिनांक 11 अक्टूबर को जारी आदेश के अनुसार शासकीय, अनुदान प्राप्त गैर अनुदान प्राप्त शालाओं एवं डीएड, बीएड, एमएड महाविद्यालयों में 25 से 30 दिसम्बर तक कुल 6 दिवस के लिए शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है।

### धान बिक्री के लिए 602 किसानों के छूटे रकबे जुड़े

**पुसौर।** तहसील कार्यालय पुसौर में 15 सोसायटी क्षेत्र के किसानों में से 602 किसान धान खरीदी प्रारंभ होने के बीच ही अपना छुटे हुए रकबा को जुडवा कर धान बिक्री करने का लाभ उठाया है। उक्ताशय की जानकारी तहसीलदार शिवम पाण्डेय ने बताया कि कुछ किसानों के मृत्यु हो जाने पर उनके स्थान पर उनके परिजनों के नाम संबंधित भूमि के नाम दर्ज कर धान बिक्री हेतु संबंधित रकबा को जोड़ना होता है इसकी संख्या 32 तक पहुंची है। इसी तरह फसल संशोधन में 570 किसानों ने अपना रकबा धान बिक्री हेतु जुडवाया है।

### ट्रेलर व बाइक की भिड़ंत नवयुवक की गई जान

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना अंतर्गत तराईमाल स्थित बंजारी मंदिर के समीप बुधवार की सुबह करीब 10 एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक भाजपा आईसेल मंडल संयोजक अभिषेक पंडा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा सुबह करीब 10 उस वक्त हुआ, जब घरघोड़ा निवासी अपनी बाइक पर किसी काम से जा रहे थे। इसी बीच बंजारी मंदिर के पास तेज रफ्तार ट्रेलर क्रंमाक सीजी सीजी 10 बीजे 3678 के चालक ने बाइक सवार अभिषेक को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर पूंजीपथरा थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए घरघोड़ा के शासकीय अस्पताल में लाया गया।

## जिले में अपराध और अवैध कारोबार पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

# पुलिसिंग में कसावट को लेकर कप्तान ने ली थानेदारों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में बढ़ते अपराध को लेकर पुलिस कप्तान गंभीर नजर आ रहे है। यहीं कारण है कि पुलिसिंग में कसावट और अपराध पर नियंत्रण को लेकर एसएसपी ने विभागीय अधिकारियों व थानेदारों को तत्काल कार्रवाई करने की सख्त हिदायत दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष में समस्त राजपत्रित एवं थाना, चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई जिसमें वर्ष में दर्ज अपराध एवं 18 दिसंबर की स्थिति में लंबित, अपराधए मर्ग, शिकायत एवं कार्रवाही की समीक्षा किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक पेंडेंसी वाले थाना प्रभारियों से लिखित जवाब मांगा गया। वहीं थाना लैलूंगा की पेंडेसी कम होने पर प्रभारी को ईनाम दिए जाने आदेशित और थाना पूंजीपथराए भूपदेवपुर और धरमजयगढ़ में अपराधए शिकायत निकल को अच्छा बताए। अपराध समीक्षा बैठक में शहर के थाना में पेंडेंसी ज्यादा होने पर एडिशनल एसपी संजय महादेवा को इन थानों के विवेचकों की मीटिंग लेकर अधिक से अधिक अपराध, मर्ग और शिकायतों का निकाल कराने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा क्राइम मीटिंग में थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि अवैध शराब पर कार्यवाही निरंतर जारी रहनी चाहिए जिले के सभी गांव में अवैध शराब की बिक्री बंद होए शराब के अवैध कारोबार करने वाले कोचियों पर प्रभावी कार्रवाई दिखनी चाहिए साथ ही जुआ सट्टा पर मुखबिर लगाकर कार्यवाही किया जाए। कार्यवाही में कोताही बरतने वाले थाना प्रभारी पर दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी। अपराध समीक्षा बैठक में धोखाधड़ी तथा गुम नाबालिकों से संबंधित धारा 363 आईपीसी के मामलों की अधिकता को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अवेयरनेस एवं महिला जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के निर्देश। साथ ही शराब व्यसन मुक्ति अभियान के तहत प्रत्येक गांव में भारत माता वाहिनी का गठन किए जाने के निर्देश दिया गया। सोशल पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के नंबर भी सार्वजनिक किए गए है।



थानेदारों की बैठक लेते पुलिस अधीक्षक।



### डेढ़ लाख क्विंटल की धान खरीदी 898 करोड़ की ऋण वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर तहसील क्षेत्र के 15 सोसायटी अंतर्गत लगभग 20 धान खरीदी केन्द्रों में 18 दिसम्बर की स्थिति में 161795.20 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है जिसमें संबंधित किसानों को धान की राशि 3531.99 रूपए कुल भुगतान किया जा चुका है। इसमें जिन किसानों ने सोसायटी ऋण लिया हुआ था और वे धान बिक्री किए हैं, उनसे 898.17 करोड रूपए की वसूली की गई है। पुसौर अपेक्स बैंक प्रबंधक परेता से ली गई जानकारी के मुताविक शेष वसूली 2648.82 करोड रुपए शेष हैं। इसी कडी में इन्होंने बताया कि खरीदी किए गए धान में 91572.40 क्विंटल मोटा तथा सरना धान70222.80 क्विंटल है। बताया जाता है कि प्रदेश की नई सरकार भी कर्जमाफी की एलान करने वाली है ऐसे स्थिति में किसानों के कर्ज राशि का क्या होगा ? इस संबंध में प्रबंधक परेता ने बताया कि कर्ज माफी के स्थिति मे उनके खाता में संबंधित राशि फिर से आ जाएगा लेकिन शासन द्वारा कर्जमाफी का लिखित दस्तावेज नहीं मिल पाने की स्थिति में बैंक के नियमानुसार हमें अपने ऋण राशि की वसूली करना पडेगा।

## उद्यानिकी कालेज एवं अनुसंधान केन्द्र कुनकुरी में उत्तर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुनकुरी में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 दिसंबर 2023 को किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.रविन्द्र तिग्गा द्वारा की गई तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपेन्द्र यादव उपाध्यक्ष ज़िला पंचायत एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में अनिता सिंह ज़िला पंचायत सदस्य एवं राजकुमारी लकड़ा सरपंच सलियाटोली उपस्थित थे। कार्यक्रम में सरगुजा संभाग के पांच उद्यानिकी महाविद्यालयों क्रमशः कुनकुरी, सीतापुर, कोतबा, चिरमिरी, रामानुजगंज-बलरामपुर के छात्र-छात्राएं, अतिथि शिक्षक एवं टीम मैनेजर सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त छात्र-छात्राओं के द्वारा परेड की गई एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा सलामी ली गई एवं साथ ही शुभकामनाएं दी कि सभी प्रतिभागी अच्छे खेल भावना का परिचय देते हुए जीत हासिल करें। कार्यक्रम की अगली कड़ी में अधिष्ठाता के द्वारा सभी सम्मानीय अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शॉल श्रीफल देकर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि उपेन्द्र यादव उपाध्यक्ष ज़िला पंचायत एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ.एके सिन्हा के द्वारा प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए खेल का महत्व बताया। तदुपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा क्रीड़ा स्थल में फ़ीता काटकर खेलों को प्रारंभ करने के लिए हरी झंडी दी। मंच का सफल संचालन मुकेश अनंत, दीपक साहू एवं फ़निशा चतुर्वेदी ने किया। सभी अतिथियों का आगमन सत्कार एवं स्वागत उद्बोधन डॉ.जोनसन लकड़ा एवं डॉ.राहुल कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। उपेन्द्र यादव ने कहा कुनकुरी खेल के क्षेत्र में प्रदेश में हमेशा से अव्वल आता रहा है और इसके बेहतरी के लिए इस प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन होते रहना चाहिए एवं इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय को आभार ज्ञापित किया एवं ढेरों शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में कुनकुरी के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुख ए अहमद ख़ान, युद्धिष्ठिर केवर्ट, फ़िलमोन टोप्पो मंचासीन रहे। इस दौरान संतोष सहाय, श्रीनायक मिश्रा, अमित मिश्रा, जय अग्रवाल एवं सभी सम्मिलित महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक गणों की उपस्थिति रही।




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### घरघोड़ा में मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती

**घरघोड़ा।** नगर घरघोड़ा में परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास के 267 वी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई कमलेश निराला के घर से पालों एवं कलश लाया पूजा पाठ आरती करके कमलेश निराला के द्वारा जैत खाम पर पालो चढ़ाया गया। धर्मजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया ने बाबा के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा पाठ करके एवं पुष्प चढ़ा करके पूजा पाठ किया एवं बाबा के बताए गए मार्ग के रास्ते चलने हेतु संबोधन दिया बाबा के जीवन परिचय के बारे में बताते हुए एवं संत बाबा गुरु घासीदास के जयंती पर सभी नगर वासियों को बधाई दिया। नगर पंचायत घरघोड़ा के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने कहां गुरु घासी दास बाबा ऐसे संत थे जिन्होंने सामाजिक आर्थिक शोषण तथा जातिवाद विचारधारा के शोषण जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद कर मंनखे मंनखे एक समान का संदेश दिया। अंबेडकर चौक घरघोड़ा में राजनंदगांव दूगं चंद्रपुर टेंडानावापारा से आए हुए कलाकार का लोक नृत्य एवं मनमोहन प्रस्तुति रही जिससे नगर का माहौल मनमोहक रहा मंच पर विराजमान सभी विशिष्ट अतिथियों ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शिव शर्मा विधायक प्रतिनिधि किरोड़ी तायल उपाध्यक्ष उश्मान बेग पूनम चौहान आर एस यादव बाबू ठाकुर,पुरषोत्तम उरांव लता खूंटे ने खूब आनंद लिया।



### जिला पंचायत सीईओ ने बन्दरचुआ में चल रहे सिकल सेल शिविर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने बन्दरचुआ में चल रहे सिकल सेल शिविर का निरीक्षण किया और सिकल सेल मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप सिकलसेल स्क्रीनिंग कर सिकलसेल पोर्टल, मोबाईल एप्प में एण्ट्री करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री द्वारा 01 जुलाई 2023 को सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया गया है। सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत जिले में वृहद जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकलसेल स्क्रीनिंग कर सिकलसेल पोर्टल, मोबाईल एप्प में एण्ट्री की जानी है। सिकलसेल स्क्रीनिंग हेतु समस्त चिरायु टीम, उप स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल, जिला चिकित्सालय, हाट बाजार, मोबाईल मेडिकल यूनिट को लक्ष्य प्रदान किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जशपुर जिले में 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकलसेल स्क्रीनिंग हेतु वृहद जांच अभियान चलाया जा रहा है सिकलसेल जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं हितग्राहियों के मोबिलाईजेशन के लिये पंचायत विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। अभियान के प्रथम दिवस में दिनांक 19 दिसंबर से प्रारंभ किया गया है और सिकलसेल परीक्षण किया जा रहा है।

**सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत जिले में चलाया जा रहा है वृहद जांच अभियान**

### रामलीला मैदान का अस्तित्व बचाने ज्ञापन

**रायगढ़।** शहर के रामलीला मैदान के अस्तित्व को बचाने खिलाड़ी लामबंद हो गए हैं। खेल प्रेमियों ने कछुआ चाल से जीर्णोद्धार हो रहे रामलीला मैदान में व्यावसायिक आयोजनों पर पाबंदी लगाने के लिए कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। कलेक्टर जनदर्शन में जिले के कई खिलाड़ी पहुंचे और रामलीला मैदान की बदहाल हालत पर चिंता जताते हुए जिलाधीश कार्तिकेया गोयल से मुलाकात भी की। खेलप्रेमियों ने बताया कि रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार के लिए पहले 25 लाख रुपए का कार्यदेश भूमिपूजन के बाद इसे संवारने की कवायद भी शुरू हुई। मगर इसकी गति काफी धीमा होने के कारण रामलीला मैदान की चमक से वो तस्वीर नहीं बन पा रही जो अब तक बननी थी। मैदान की मिट्टी सख्त होने से खिलाड़ियों को खेलने में तकलीफ हो रही है, इसलिए वहां की मिट्टी को हटवाकर उसकी जगह नई मिट्टी डलवाने की मांग खिलाड़ियों ने की है ताकि उन्हें सुव्यवस्थित खेल मैदान का लाभ मिल सके। वहीं, खेलप्रेमियों ने रामलीला मैदान के अस्तित्व को बचाने के लिए वहां जनहित में होने वाले सरकारी कार्यक्रमों को छोड़कर दीगर आयोजनों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए रोक लगाने की भी वकालत की है।

## अंतर महाविद्यालय महिला सेक्टर हैंडबॉल प्रितियोगिता का आयोजन

**जशपुरनगर।** सन्त गहिरा गुरु विश्विद्यालय अम्बिकापुर के तत्वावधान में सरगुजा संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालय महिला सेक्टर हैंडबॉल प्रितियोगिता का आयोजन 20 दिसंबर को शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय जशपुर के खेल मैदान में किया गया। जिसमें सरगुजा परिचेत्र के 05 टीम कन्या कॉलेज, एनईएस कॉलेज, कुनकुरी कॉलेज, साई बाबा अंबिकापुर, सरस्वती कॉलेज अम्बिकापुर के टीम ने भाग लिया एवम ट्रायल के लिए लोयोला कॉलेज, पीजी कॉलेज अम्बिकापुर के छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता नाक आउट पद्धति से खेला गया, जिसमे फाइनल में शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय एवम सरस्वती महाविद्यालय अम्बिकापुर की टीम ने क़वालीफ़ाय किया। दोनो टीम के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमे कन्या महाविद्यालय विजेता रहा एवम सरस्वती महाविद्यालय उपविजेता रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय विजय भूषण सिंह कन्या महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ श्रीमती माधुरी गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा हार जीत खेल का एक हिसा है हार जीत से ज्यादा खेल में भाग लेना जरूरी है, हार जीत मायने नही रखता है, खेल हमे अनुसाशन सीखता है, साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों एवम कन्या महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एस केरकेट्टा एवम समस्त स्टाफ को सुभकामनाएं दिया। खेल का कॉमेंट्री सह प्राध्यापक अर्जुन खलखो के द्वारा किया गया। खेल आयोजन में कन्या महाविद्यालय के सभी छात्रओं एवम समस्त स्टाफ ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई।



## बनोरा आश्रम में निःशुल्क नेत्र शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के तत्वाधान में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच मासिक शिविर में 120 मरीजों को लाभ मिला। यह शिविर अघोरेश्वर भगवान राम प्राथमिक उपचार केंद्र के अन्तर्गत अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केन्द्र बनोरा में रविवार को आयोजित किया गया था। हर माह आयोजित होने वाले नेत्र जांच शिविर में डॉ आर के अग्रवाल नियमित सेवाए देते है। रविवार को आयोजित इस शिविर में 32 मरीजों को निरूशुल्क चश्मा वितरण किया गया वही 53 मरीज़ ऐसे चिन्हित किए गए जिन्हे अगले शिविर में चश्मा बनाकर दिया जाएगा। 41 मरीजों को नेत्र जांच कर आवश्यक ड्राप दिया गया। जांच के दौरान 30 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले इन मरीजों को इलाज हेतु उचित परामर्श दिया गया। अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केन्द्र बनोरा रायगढ़ के तत्वाधान में आगामी नेत्र शिविर 7 जनवरी रविवार को आयोजित होगा। नेत्र जांच हेतु मरीज बनोरा सकरबोगा, कोसमपाली,



एलोईग, डूमरपाली, झारगांव, कुकुर्दा, महापल्ली, कोतरलिया, सियारपाली, कोटरापाली सालेओंना, एकताल, रायगढ़ विश्वनाथपाली, भोजपल्ली, नवापारा, कोतरलिया, जुनाडीहि, बादीमाल, से लोग आए थे। विश्वनाथपाली, कुर्मा पाली, आमापार, बाघाडोला, दयाडेरा, देहरीडीपा, कारीछापर, कुमर, बादीमाल, एकताल, नेतनांगर, बाद पाली से आए थे।

### स्कूली बच्चों ने लिया शैक्षणिक भ्रमण का आनंद

**बरमकेला।** जैसे जैसे ठंड का मौसम आता है विद्यालयों में पिकनिक या शैक्षिक भ्रमण का दौर शुरु हो जाता है नन्हे मुन्हे बच्चों से लेकर बड़े बच्चे सब इस भ्रमण के लिए अति उत्साहित होते है छोटे बच्चो को पढाई से ज्यादा मस्ती पसंद होती है यह मस्ती शीतकालीन में दोगुना हो जाती है शीतकालीन का मौसम आते ही सभी स्चूलों में शैक्षणिक भ्रमण का दौर शुरू हो जाता है ।यह पिकनिक बच्चों के लिए किसी मेला से कम नहीं होता।



## पृष्ठ 1 का शेष

### पीएम आवास बनने ...

हुए कहा कि यह मकान गरीबों के लिए सिर्फ एक छत ही नहीं है, आने वाले कल का बेहतर भविष्य भी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति व निर्माण को गति देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद भी दिया।

### गुरुघासीदास जयंती पर ...

ईश्वर ने सभी मानव को एक जैसा बनाया है। इसलिए जन्म के आधार पर हमारे बीच मे ऊंच-नीच नहीं होना चाहिए। जनार्दन पंकज ने कहा कि बाबा मानते थे कि सत्य ही ईश्वर है । हमेशा व्यक्ति को सच ही बोलना चाहिए उन्होंने समाज में यह संदेश भी दिया की लोगों को किसी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए,चोरी नहीं करना चाहिए, व्यभिचार से दूर रहना चाहिए। देवेन्द्र पाल धिरहि ने कहा बाबा ने समाज को आर्थिक एवम्‌ सांस्कृतिक रूप से मजबूत करने का अभियान भी छेड़ा। वो स्वयं एक कृषक के रूप में काम करते थे।खेती में ज्यादा से ज्यादा कैसे उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। मिश्रित खेती के बारे में लोगों को जागरूक किया करते थे।उनका मानना था कि व्यक्ति आर्थिक रूप से मजबूत होने से ही स्वाभिमानी हो सकता है। सत्या मिर्रे ने कहा कि सैकड़ों वर्षों के बाद भी आज हम देखते हैं तो पाते हैं कि यह समाज आज भी वही है। जहां हजारों वर्ष पूर्व था।कुछ लोग जरूर आगे बढ़े हैं। लेकिन बहुसंख्यक समाज आज भी वही सामाजिक कुरीतियों, धार्मिक आडंबरों में फंसा हुआ है। जहा से हम सब को निकल कर बाबा के बताए मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिएघुरु घांसी दास जयंती पे मुख्य रूप से पीआर अजय, जनार्दन पंकज, ,संतोष टाण्डे, बोधराम सक्सेना, सत्या मिर्रे, पीसी आंनद, देवेन्द्र पाल धिरही, शिव टण्डन, लक्ष्मण मिर्रे, राधे डहरिया, आर के बर्मन, अर्जुन रत्नाकर, रामरतन समारू श्याम सुंदर भारद्वाज, खगेश डहरिया, बीआर धिरहि ,राजकुमार बर्मन, कृष्णा मिर्रे, अनिल मिर्रे, राजू भारद्वाज, भोजराम भारद्वाज, प्यारे लाल, मनोज नारंगे, संजू सक्सेना, विजय, सुमिरत,पंकज, नारायण, आलोक सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे - विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर स्पेशल ट्रेन 04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, कलकत्ता
राशि : स्लीपर 12, 500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7247-411411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।